हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 21 अगस्त, 2015 /30 श्रावण, 1937 (शक्)

[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री].

कुल प्रश्न - 12

पद सृजन

958 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक पाठशाला सत्यास में (Edu. Block Tissa के अन्तर्गत) बच्चों की संख्या 100 से अधिक है; यदि हां, तो अभी तक इस पाठशाला हेतु अतिरिक्त पद क्यों सृजित नहीं किया गया; ब्यौरा दें ?

उप-तहसील की स्थापना

959 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार क्या जिला चम्बा में कोई नई उप-तहसील खोलने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के पुखरी क्षेत्र में उप-तहसील कब तक खोल दी जाएगी; ब्यौरा दें ?

सुरंग निर्माण

960 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि चुराह से पांगी घाटी को जोड़ने वाली सुरंग तरवाई से वाया देवीकोठी को मंजूरी के लिए भारत सरकार को भेजा गया है ; और

(ख) यदि हां, तो कब ?

सड़कों की अद्यतन स्थिति

961 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वित्तीय वर्ष 2015-16 में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत कितनी सड़कें डाली गई हैं; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन सड़कों की वर्तमान स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

पेयजल/सिंचाई योजनाओं की अद्यतन स्थिति

962 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) वित्तीय वर्ष 2015-16 में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य विभाग की कितनी पेयजल और कितनी सिंचाई की योजनाएं डाली गई; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन स्कीमों की वर्तमान स्थिति क्या है ?

डडौर-तत्तापानी सड़क

963 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में डडौर से तत्तापानी राज्य उच्च मार्ग के निर्माण के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत है;

(ख) यह सत्य है कि डडौर से बग्गी तक सड़क का कार्य पूर्ण हो चुका है और बग्गी से चैल चौक तक कार्य शेष है; और

(ग) यदि हां, तो बग्गी से चैल चौक सड़क का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जायेगा; विवरण दें ?

पदपूर्ति

964 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कुल कितने वरिष्ठ माध्यमिक, उच्च, माध्यमिक एवं प्राथमिक पाठशालाएं हैं; और

(ख) वर्तमान में इन पाठशालाओं में स्वीकृत स्टाफ के अनुसार कितने-कितने और कौन-कौन से पद रिक्त हैं और इन्हें कब तक भर दिया जाएगा?

धनराशि का प्रावधान

965 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि गत सर्दियों में हिमपात एवं वर्षा से जिला कुल्लू में अत्यधिक क्षति हुई थी;

(ख) यदि हां, तो इन प्राकृतिक आपदाओं से निपटने हेतु जिलाधीश कुल्लू द्वारा कितनी धनराशि जारी की गई थी; और

(ग) ऐसे कितने परिवार हैं जिन्हें अभी तक भी आर्थिक सहायता प्रदान नहीं की गई; इन्हें राहत राशि कब तक उपलब्ध करवा दी जाएगी; ब्यौरा दें ?

ऐतिहासिक स्थलों को आर्थिक सहायता

966 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि किन्नौर के सापनी व लावरंग गांव के किले तथा लाहौल में गौदला का किला जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार गोम्पाओं की भान्ति इन ऐतिहासिक स्थलों को आर्थिक सहायता प्रदान कर इनकी मरम्मत करवाने पर विचार करेगी ?

मिल्क चिलिंग सैन्टर गियूण

967 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) मिल्क चिलिंग सैन्टर गियूण के लिये कौन-कौन मशीनरी कब-कब लाई गई थी;

(ख) कितना दूध वर्ष 2012-13 से 31-7-2015 तक इस क्षेत्र से एकत्रित किया गया; और

(ग) यह सत्य है कि इस प्लांट की मशीनरी को कहीं और स्थानांतरित कर दिया है; यदि हां, तो ब्यौरा कारण सहित दें?

भण्डार को बन्द करना

968 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि विद्युत मण्डल धर्मपुर में भण्डार (store) को बंद कर दिया गया है; यदि हां, तो ब्यौरा कारण सहित दें; और

(ख) वर्तमान में धर्मपुर मण्डल के अन्तर्गत कितने 33 KVA Sub-station हैं व वहरी -धवाली -मढ़ी L.I.S. के लिए बनने वाले 33 KVA की कितनी राशि मण्डल के पास जमा करवाई गई है?

तार का क्रय

969 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) स्याठी-कलसवाई-धर्मपुर सोन खड्ड बाढ़ नियंत्रण को कितनी राशि Government of India से स्वीकृत हुई थी;

(ख) कितना कार्य D.P.R में प्रस्तावित था तथा कितना D.P.R से बाहर किया गया;

(ग) इस कार्य के लिए कितनी मीट्रिक टन तार किस Agency से क्रय की गई व धर्मपुर पहुंचाई गई; ब्यौरा दें ;

(घ) कितनी तार बाढ़ में बह गई ; ब्यौरा दें; और

(ड.) कितनी तार कांढापतन और गंत्रैलू में बाढ़ नियंत्रण के लिए इस योजना से लगाई गई तथा किस अधिकारी ने ऐसा करने की अनुमति दी ; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा ,**

दिनांकः 10 अगस्त ,2015. **सचिव।**